**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 886**
**दिनांक 29 नवंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**सरकारी अस्पतालों में फिजियोथेरेपिस्ट**

**886. श्री रामभुआल निषाद:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली स्थित केन्द्र सरकार के सभी अस्पतालों में वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्टों की कमी के कारण मरीजों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है

(ख) उक्त अस्पतालों में वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्टों के स्वीकृत पदों/रिक्त पदों का ब्यौरा क्या है और ये पद किस तिथि से रिक्त पड़े हुए हैं तथा इस कमी के क्या कारण हैं;

(ग) सरकार द्वारा रिक्त पदों को पदोन्नति और नई भर्ती के माध्यम से भरने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और क्या समयावधि निर्धारित की गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) : केंद्र सरकार के अस्पतालों में आने वाले हर मरीज को बिना किसी बाधा के देखभाल प्रदान की जाती है। केंद्र सरकार के अस्पताल किसी भी तरह की गेटकीपिंग का पालन नहीं करते हैं।

(ख) **: उपर्युक्त अस्पतालों में वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट के स्वीकृत पदों/रिक्त पदों का विवरण** अनुलग्नक **पर है।**

(ग) और (घ): स्वीकृत पदों की तुलना में रिक्त पदों को भरना एक नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया है। दिल्ली में केंद्र सरकार के अस्पतालों में वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट समूह 'क' का एक पद है जिसे संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) में नियमित विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठकों के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भरा जाता है। डीपीसी बैठक के लिए प्रस्ताव मंत्रालय/विभाग द्वारा एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से नियमित आधार पर यूपीएससी के समक्ष उठाए जाते हैं। लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत कलावती सरन अस्पताल में नव सृजित पद के संबंध में, यह सूचित किया जाता है कि पदों के लिए भर्ती नियम तैयार करने के बाद नव सृजित पद को भरा जाता है।

****

**अनुलग्नक**

**वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट के पदों का केन्द्रीय सरकारी अस्पताल-वार विवरण**

| दिल्ली में केंद्र सरकार के अस्पताल का नाम | स्वीकृत पद(पदों) की संख्या | भरे हुये पद(पदों) की संख्या | रिक्त पद(पदों) की संख्या | रिक्त पद(पदों) का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल | 03 | 01 | 02 | (i) दिनांक 20.10.2023 को वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट का एक पद सृजित किया गया है।<br><br>(ii) दिनांक 27.08.2024 को वर्तमान वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट की उप मुख्य फिजियोथेरेपिस्ट के पद पर पदोन्नति के कारण एक पद रिक्त हो गया है। |
| सफदरजंग अस्पताल | 09 | 02 | 07 | (i) वर्तमान पदाधिकारियों की सेवानिवृत्ति के कारण क्रमशः दिनांक 01.01.2023 और दिनांक 01.08.2023 से 02 पद रिक्त पड़े हैं।<br><br>(ii) दिनांक 11.04.2023 को 01 पद सृजित किया गया है।<br><br>(iii) दिनांक 20.10.2023 को 04 पद सृजित किए गए हैं। |
| लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और सहयोगी अस्पताल | 01 | 00 | 01 | यह पद दिनांक 20.10.2023 को सृजित किया गया है। |

*****